स्टार्क टेस्ट क्रिकेट के नंबर-1 गेंदबाज

यानसन को पीछे छोड़ा, श्रेयस 2 स्थान ऊपर चढ़े



लंदन, 4 नवंबर (एजेंसी). आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने धमाकेदार वापसी करते हुए दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज का ताज फिर से हासिल कर लिया है. स्टार्क ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में कुल 9 विकेट चटकाए थे.

इस प्रदर्शन के बूते उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन को पछाड़कर शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया है. स्टार्क ने इस साल अगस्त में पहली बार जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर नंबर-1 स्थान हासिल किया था, जिसके बाद यानसन ने गकेबरहा टेस्ट में शानदार प्रदर्शन कर उनकी जगह ली थी, लेकिन केपटाउन में केवल 3 विकेट लेने के कारण यानसन अपनी बादशाहत बरकरार नहीं रख सके. टेस्ट ऑलराउंडर्स की सूची में मार्को अभी भी शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर ने केपटाउन टेस्ट की दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर 9 स्थानों की लंबी छलांग लगाई है और वे 7वें नंबर पर पहुंच गए हैं. टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन और एलेक्स कैरी संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले जस्टिन और रयान को भी रैंकिंग में भारी फायदा हुआ है.

> भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने भी रैंकिंग में अपनी स्थिति मजबूत की है. भारतीय टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 मुकाबले में महज 23 गेंदों पर अर्धशतक जड़कर टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान की छलांग लगाई है और वे अब 7वें पायदान पर काबिज हैं. पाकिस्तान में आयोजित ट्राई सीरीज के बाद पाकिस्तानी गेंदबाजों शाहीन अफरीदी (5वें नंबर पर) और हारिस रऊफ (24वें नंबर पर) ने भी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार किया है.

सीएसके की नजर लिविंगस्टोन पर

आईपीएल 2027 से पहले सनराइजर्स से ट्रेड की चर्चा तेज

- सनराइजर्स ने अभी नहीं लिया फैसला

नई दिल्ली, 4 नवंबर. आईपीएल 2027 के मिनी ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों की ट्रेडिंग को लेकर फ्रेंचाइजी के बीच हलचल तेज हो गई है. चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की नजर सनराइजर्स हैदराबाद के इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन पर है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चेन्नई इस खिलाड़ी को ट्रेड के जरिए अपनी टीम में शामिल करने के विकल्प तलाश रही है.



उत्तर भारत की एक अन्य फ्रेंचाइजी ने भी लिविंगस्टोन में दिलचस्पी दिखाई है. हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद ने अभी तक उन्हें लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं किया है.

सनराइजर्स ने आईपीएल 2026 से पहले हुई नीलामी में लिविंगस्टोन को 13 करोड़ रुपये में खरीदा था. उनसे टीम को बड़े प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन उनका पिछला सीजन निराशाजनक रहा. पूरे टूर्नामेंट में उन्हें केवल दो मुकाबलों में खेलने का मौका मिला और वह 15 रन ही बना सके. इसके बाद उन्हें प्लेइंग इलेवन और इम्पैक्ट प्लेयर के विकल्प में भी जगह नहीं मिली. लिविंगस्टोन ने 2019 में राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल करियर शुरू किया था. तब उन्हें 50 लाख रुपये में खरीदा गया था.

भारत ने 5 विकेट से न्यूजीलैंड को रौंदा

- बारिश के चलते 32 ओवर का हुआ मैच
- न्यूजीलैंड ने 143 रन का दिया टारगेट

ऑकलैंड, 4 नवंबर (एजेंसी). भारत और न्यूजीलैंड के बीच ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेले गए पहले वनडे मुकाबले में टीम इंडिया ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए कीवी टीम को 5 विकेट से धूल चटा दी है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही. भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी का मुज़ाहिरा करते हुए विरोधी टीम के शीर्ष और मध्य क्रम को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया.

स्थिति यह थी कि न्यूजीलैंड के सिर्फ पांच बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके. एक समय टीम के 9 विकेट मात्र 146 रनों पर गिर चुके थे, लेकिन 11वें नंबर पर उतरे ब्लेयर टिकनर ने 23 गेंदों में 1 चौके और 4 छक्कों की मदद से 34 रनों की आक्रामक पारी खेलकर स्कोर को 185 रन तक पहुंचाया. भारत की ओर से युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कातिलाना गेंदबाजी करते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके, जबकि गुरनूर बराड़ को 3 और अंशुल कंबोज को 2 सफलताएं हासिल हुईं.



स्कोर बोर्ड

इंडिया

बल्लेबाज	आर	बी	चौके	छक्के
रोहित	0	6	0	0
शुभमन	37	56	5	0
विराट	74	51	13	1
श्रेयस	15	13	1	1
अक्षर	0	2	0	0
केएल*	3	5	0	0
नमन*	5	3	1	0

कुल: 143-5 (22.4 ओवर)
बॉलर: अर्शदीप सिंह, नबी, अंशुल कम्बोज, गुरनूर बरार, अक्षर पटेल

न्यूजीलैंड

बल्लेबाज	आर	बी	चौके	छक्के
विल यंग	9	11	2	0
सिफेरत	38	43	3	2
निकोल्स	9	11	2	0
डेरिल	28	41	3	1
टॉम लाथम	3	11	0	0
फिलिप्स	30	51	2	1
मिचेल	4	16	0	0
नाथन स्मिथ	1	9	0	0
जमीसों	1	6	0	0
डफ्फी*	15	21	3	0
टिकनेर	34	23	1	4

कुल: 185-10 (40.2 ओवर)

डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारत को 32 ओवरों में 143 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला. लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और कप्तान रोहित शर्मा बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए. हालांकि, इसके बाद शुभमन गिल और विराट कोहली ने मोर्चा संभाला और दूसरे विकेट के लिए 113 रनों की मैच जिताऊ और शानदार साझेदारी निभाई.

ऑकलैंड में कोहली ने बनाए विराट रिकॉर्ड, सचिन पीछे



भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए पहले वनडे मुकाबले में विराट कोहली ने अपने बल्ले के जौहर दिखाते हुए एक बार फिर क्रिकेट के कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं. ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेले गए इस बारिश से प्रभावित मैच में कोहली ने महज़ 51 गेंदों पर 13 चौकों और 1 छक्के की मदद से ताबड़तोड़ 74 रनों की नाबाद शानदार पारी खेली. डकवर्थ लुईस नियम के तहत मिले 143 रन के लक्ष्य को भारत ने 22.4 ओवरों में ही 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया. इस बेहतरीन जीत के साथ ही विराट कोहली ने व्यक्तिगत उपलब्धियों का अंबार लगा दिया. उन्होंने वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है. दोनों बल्लेबाजों के नाम अब कीवी टीम के खिलाफ 1971-1971 वनडे रन दर्ज हैं, हालांकि कोहली ने पोंटिंग से कम पारियां खेलकर यह मुकाम हासिल किया है. इस सूची में महान सचिन तेंदुलकर 1750 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं. इसके अलावा, रन चेज यानी लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट ने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है. शुभमन गिल के साथ उनकी साझेदारी और उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि दबाव भरी परिस्थितियों में मैच जिताना कोहली से बेहतर कोई नहीं जानता. इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद दलाल स्ट्रीट से लेकर खेल गलियारों तक हर जगह सिर्फ 'किंग कोहली' के ही चर्चे हो रहे हैं.

घातक गेंदबाजी से अर्शदीप ने बिखेरे कीवी बल्लेबाज



भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में खेले गए पहले वनडे मुकाबले में अपनी कातिलाना गेंदबाजी से एक बार फिर साबित कर दिया है कि उन्हें क्यों एक बेहतरीन मैच विनर गेंदबाज माना जाता है. इस मुकाबले में अर्शदीप ने अपने 10 ओवरों के कोटे में 70 रन खर्च करते हुए कीवी टीम के 4 अहम बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई. इस शानदार चार विकेट हॉल के साथ ही उन्होंने भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों-जवागल श्रीनाथ और मोहम्मद शमी के एलीट क्लब में अपनी जगह पक्की कर ली है. अर्शदीप सिंह न्यूजीलैंड की धरती पर वनडे मैच में चार विकेट हॉल लेने वाले इतिहास के केवल तीसरे भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं. उनसे पहले यह खास कारनामा केवल जवागल श्रीनाथ और मोहम्मद शमी ने ही किया था.

फ्रेंचाइजी से बात की, अब फैसला उन्हें लेना है : रैना

- सुरेश रैना ने सीएसके से मांगी कोचिंग की जिम्मेदारी
- धोनी के साथ 4 आईपीएल खिताब जीत चुके



नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 4 नवंबर. चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व स्टार बल्लेबाज और 'मिस्टर आईपीएल' के नाम से चर्चित सुरेश रैना ने सीएसके के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है. पूर्व भारतीय खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब शो में बात करते हुए रैना ने बताया कि उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपनी मंशा से अवगत करा दिया है और अब अंतिम फैसला प्रबंधन को ही लेना है.

रैना ने कहा, 'मैंने अपनी इच्छा फ्रेंचाइजी के सामने रख दी है और अब इस पर निर्णय सीएसके को लेना है. मेरे लिए सबसे खास बात यह है कि मैं चेन्नई सुपर किंग्स के साथ जुड़ा रहूं और युवाओं का मार्गदर्शन करके टीम को दोबारा ट्रॉफी जिताने में मदद करूं. पीला रंग हमारे लिए महज एक जर्सी नहीं, बल्कि सब कुछ है.' रैना ने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर, आईपीएल और विश्व कप में भारी दबाव की परिस्थितियों का सामना किया है, और वह इस मानसिक मजबूती तथा खेल की समझ को टीम के नए खिलाड़ियों के साथ साझा करना चाहते हैं. यह बयान ऐसे समय में आया है जब आईपीएल 2027 के आगामी सीजन से पहले सीएसके ने अपने कोचिंग स्टाफ में 17 सालों बाद ऐतिहासिक बदलाव किए हैं.

रैना का सीएसके के साथ शानदार ट्रैक रिकॉर्ड

टीम ने लंबे समय तक हेड कोच रहे स्टीफन फ्लेमिंग की जगह भारत के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान को नया मुख्य कोच नियुक्त किया है. जहीर पहली बार आईपीएल में किसी टीम के मुख्य कोच के तौर पर जिम्मेदारी संभालेंगे. इसके अलावा मोहित शर्मा को गेंदबाजी कोच बनाया गया है, जबकि गैरेथ बैटी और एल्बी मोर्कल को सहायक कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई है. रैना का सीएसके के साथ शानदार ट्रैक रिकॉर्ड रहा है. वे 2010, 2011, 2018 और 2021 की आईपीएल विजेता टीम का प्रमुख हिस्सा रहे हैं. 2016 और 2017 में सीएसके पर बैन के दौरान उन्होंने गुजरात लायंस की कप्तानी भी संभाली थी. सीएसके के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले इस दिग्गज खिलाड़ी की संभावित वापसी और कोचिंग भूमिका को लेकर अब चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं.

फिर नियमों में फंसी शांभवी, चैंपियनशिप से बाहर

भारतीय निशानेबाजी टीम को झटका

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 4 नवंबर. दोहा में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजी दल को बड़ा झटका लगा है. राइफल निशानेबाज शांभवी क्षीरसागर को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा से अयोग्य घोषित कर दिया गया.

उनके साथ पार्थ माने की जोड़ी भी प्रतियोगिता से बाहर हो गई. कार्रवाई शूटिंग सूट की कठोरता से संबंधित आईएसएसएफ नियम 6.7.9.1.ए के उल्लंघन के कारण की गई. खास बात यह है कि पांच महीने के भीतर शांभवी दूसरी बार इसी तरह के उपकरण संबंधी नियमों में उलझी हैं. दोहा प्रतियोगिता में मिश्रित टीम वर्ग में कुल 63 जोड़ियां यानी 126 निशानेबाज हिस्सा ले रहे थे. इनमें केवल पार्थ माने और शांभवी क्षीरसागर की भारतीय जोड़ी को अयोग्य घोषित किया गया. आईएसएसएफ की स्कोर शीट में शांभवी के नाम के सामने संबंधित नियम के तहत डिस्क्वालिफिकेशन दर्ज किया गया.



> राइफल निशानेबाज विशेष रूप से तैयार जैकेट और ट्राउजर पहनते हैं, जिन्हें शूटिंग सूट कहा जाता है. इनका उद्देश्य शरीर को स्थिर रखना, मांसपेशियों की हलचल कम करना और राइफल को संभालने में सहायता देना है. हालांकि, इन कपड़ों की कठोरता और फिटिंग के लिए आईएसएसएफ ने निर्धारित मानक बनाए हैं. नियमों का उल्लंघन मिलने पर खिलाड़ी को प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित किया जा सकता है. उन्होंने करीब एक महीने पहले नई शूटिंग किट खरीदी थी. उसमें कुछ बदलाव भी किए गए थे और दोहा में दो बार जांच हुई थी.

सिंधु और चानू समेत 10 खिलाड़ी आईओए एथलीट्स कमीशन में

नई दिल्ली. भारतीय ओलंपिक संघ के एथलीट्स कमीशन के चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गए हैं. ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और मीराबाई चानू समेत कुल 10 खिलाड़ियों को इस कमीशन के लिए निर्विरोध चुन लिया गया है. रिटर्निंग ऑफिसर संजय के श्रीवास्तव ने मंगलवार को सभी 10 नवनिर्वाचित सदस्यों के नामों की घोषणा की. खास बात यह है कि सोमवार देर रात पूर्व एथलीट सुधा सिंह और दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने अपने नाम वापस ले लिए थे, जिसके बाद 10 पदों के लिए केवल 10 ही उम्मीदवार मैदान में बचे.

गोलकीपर से टकराया, फुटबॉलर की मौत

अस्पताल में इलाज के दौरान निधन

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 4 नवंबर. स्पेनिश फुटबॉल जगत से एक दुखद खबर सामने आई है. सीडी टेनेरिफ के 30 वर्षीय फुटबॉलर जीसस डी मिगुएल का मैच के दौरान विपक्षी टीम के गोलकीपर से टक्कर के बाद निधन हो गया. यह हादसा सीडी टेनेरिफ और एफसी अंडोरा के बीच खेले गए दूसरे डिवीजन के मुकाबले में हुआ.

गेंद हासिल करने की कोशिश के दौरान हुई भिड़ंत में मिगुएल के सीने पर गंभीर चोट लगी, जिसके बाद वह मैदान पर ही अचेत होकर गिर पड़े. मिगुएल सेंटर-फॉरवर्ड के रूप में खेल रहे थे. हाफवे लाइन के पास गेंद पर नियंत्रण बनाने के प्रयास में उनकी टक्कर एफसी अंडोरा के गोलकीपर जिसस ओवोनों से हो गई. हादसे के तुरंत बाद मेडिकल टीम मैदान पर पहुंची. खिलाड़ी को होश में लाने और उनकी जान बचाने के लिए पांच मिनट से अधिक समय तक सीपीआर दिया गया.



> इसके बाद उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनका निधन हो गया. शुरुआती जानकारी में सीने की चोट के कारण कार्डियक अरेस्ट आने की आशंका जताई गई है. इस घटना के बाद सीडी टेनेरिफ क्लब ने आधिकारिक बयान जारी कर खिलाड़ी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया. क्लब के अनुसार, 3 नवंबर 2026 को सुबह 8 बजे जीसस डी मिगुएल का निधन हो गया. क्लब ने उनके परिवार, करीबियों और प्रशंसकों के प्रति संवेदना जताते हुए इस मुश्किल समय में परिवार की निजता का सम्मान करने की अपील भी की.

भारतीय फुटबॉलर्स को नहीं मिला होटल

साफ चैंपियनशिप से पहले अव्यवस्था का शिकार टीम इंडिया



नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 4 नवंबर. साफ चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए ढाका पहुंची भारतीय फुटबॉल टीम को प्रतियोगिता की शुरुआत से पहले ही भारी अव्यवस्था और कुप्रबंधन का शिकार होना पड़ा है.

मंगलवार को ढाका पहुंचे भारतीय खिलाड़ियों के लिए होटल में कमरे बुक न होने के कारण पूरी टीम को करीब 3 घंटे तक भारी परेशानी झेलनी पड़ी. जानकारी के मुताबिक, भारतीय फुटबॉल दल दोपहर करीब 2:15 बजे ढाका पहुंचा था और उसे गुलशन एवेन्यू स्थित एक निजी होटल में ठहरना था. लेकिन जब खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ होटल पहुंचे, तो पता चला कि उनके नाम पर कोई कमरे अलॉट या बुक ही नहीं किए गए थे.

काफी देर तक करना पड़ा इंतजार

शाम करीब 5 बजे तक खिलाड़ियों को होटल में कमरे नहीं मिल सके थे, जिसके चलते उन्हें काफी देर तक इंतजार करना पड़ा. इस बड़ी लापरवाही के सामने आने के बाद टूर्नामेंट की मेजबानी और मेहमान टीमों के लिए किए गए इंतजामों पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं. हालांकि, बाद में भारतीय दल के लिए किसी दूसरे होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई. मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम इस बार अपना 10वां खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी. साफ चैंपियनशिप का 15वां संस्करण 5 से 17 नवंबर तक ढाका के नेशनल स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है.

बैडमिंटन सिंधु जापान और हाइलो ओपन जीतकर बनाई जगह, टूर्नामेंट 9 से 13 दिसंबर तक

सिंधु 2021 के बाद वर्ल्ड टूर फाइनल्स खेलेंगी



नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 4 नवंबर. भारत की दिग्गज बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने 2021 के बाद पहली बार बीडब्लूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करके भारतीय बैडमिंटन फैंस को बड़ी खुशखबरी दी है.

9 से 13 दिसंबर तक चीन के होंगझोउ में खेले जाने वाले इस हाई-प्रोफाइल टूर्नामेंट में महिला सिंगल्स वर्ग की शीर्ष 8 खिलाड़ियों को ही प्रवेश मिलता है. सिंधु के साथ-साथ दक्षिण कोरिया की एन से-युंग, जापान की अकाने यामागुची और चीन की वांग झी यी तथा चेन यू फेई जैसी दिग्गज खिलाड़ियों ने भी अपनी जगह पक्की कर ली है. सिंधु ने इस सीजन में अपने असाधारण और अनुशासित प्रदर्शन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है. 2026 में सिंधु ने जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता, जहां उन्होंने फाइनल में जापान की अकाने यामागुची को सीधे गेमों में 21-17, 21-17 से हराया था. इसके बाद अक्टूबर में उन्होंने फ्रेंच ओपन के फाइनल तक का सफर तय किया. सिंधु की फॉर्म की असली चमक जर्मनी में खेले गए हाइलो ओपन में देखने को मिली, जहां उन्होंने बिना एक भी गेम गंवाए पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखा और फाइनल में डेनमार्क की लाइन हजमार्क क्यार्सफेल्ड को सीधे सेटों में 21-12, 21-14 से मात देकर ट्रॉफी उठाई.

> ताजा बीडब्लूएफ वर्ल्ड रैंकिंग में सिंधु 74,421 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं, जो दिसंबर 2022 के बाद से उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है. वहीं, वर्ल्ड टूर रेस रैंकिंग में वे 81,060 पॉइंट्स के साथ पांचवें पायदान पर काबिज हैं. 2022 में टखने के स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण सिंधु को नाम वापस लेना पड़ा था और वे 2023 से 2025 तक इस टूर्नामेंट से बाहर रही थीं. हाइलो ओपन जीतने के बाद सिंधु ने कहा था कि इस खिताबी जीत से उन्हें काफी आत्मविश्वास मिला है. 35 लाख डॉलर की इनामी राशि वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 8 खिलाड़ियों को 4-4 के दो ग्रुप में बांटा जाएगा.